बीईएमएल ने नई व्हील लोडर प्रमोचन किया

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन मिनि-रत्न श्रेणी – I सार्वजनिक कंपनी है, ने बेंगलूर में सम्पन्न एक्सकॉन प्रदर्शनी 2017 में 5.4 टन, 3.1 वर्ग मीटर बक्केट व्हील लोडर का प्रमोचन किया है।

बीईएमएल अनुसंधान एवं विकास द्वारा डिजाइन करके विकास किया हुआ उक्त उच्च प्रदर्शन और बीहड़ व्हील लोडर को श्री अमिताभ कान्त, सीईओ-नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा श्री दीपक कुमार होता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीईएमएल की उपस्थिति में अनावरण किया गया। उक्त अवसर पर सुश्री शोभना कामिनेनी, अध्यक्षा, सीआईआई, श्री बी आर विश्वनाथ, निदेशक (खनन एवं निर्माण), श्री आर एच मुरलीधरा, निदेशक (रक्षा) भी शामिल थे।

बीएल 30-1 फ्रंटएण्ड व्हील लोडर को अधिकतम उपकरण उपयोग के लिए बेहतरीन ईंधन कुशल इंजन के साथ, बेहतर उत्पादन प्रदर्शन वर्धित एर्गोनॉमिक केबिन सहित डिज़ाइन किया गया है। यह व्हील लोडर विभिन्न लदान अनुप्रयोगों के लिए उपयुक्त है और निवेश पर अधिक लाभ प्रदान करता है।

इसके अलावा, इस प्रदर्शनी में बीईएमएल द्वारा बीजी605आई तथा बीजी405ए मोटर ग्रेडर, बीई220जी हाइड्रालिक एक्सक्यावेटर, बीएल9एच ब्याकहो लोडर जैसे अन्य निर्माण उपकरणों का भी प्रदर्शन किया जा रहा है।

बीईएमएल, जो एक अग्रणी खनन और निर्माण उपकरण निर्माता है, ने अपने अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से 40 से अधिक उत्पादों को डिजाइन करके विकसित किया है और वे न केवल भारत में कार्य करते हैं बल्कि विश्व भर के 65 देशों में भी कार्य कर रहे हैं।

बेंगलूर
12.12.2017

बीईएमएल लिमिटेड द्वारा एक रिलीस